हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार, 23 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 24.9 डिग्री


11 कृषि भूमि से जल निकासी शीघ्र पूरे करें





12 निगम क्षेत्र में 80 लाख से अधिक के विकास ...




## खबर संक्षेप

### प्रो. मान होंगे फिजिक्स विभाग के नए अध्यक्ष

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. एएस मान को 1 सितंबर से भौतिकी विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रो. मान की सेवा निवृत्ति की तिथि अर्थात 31 अगस्त तक रहेगी।

### प्रो. प्रमोद डीन प्लानिंग एंड डेवलेपमेंट नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने भूगोल विभाग के विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रमोद भारद्वाज को डीन, प्लानिंग एंड डेवलेपमेंट नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर डीन, प्लानिंग एंड डेवलेपमेंट प्रो. प्रमोद भारद्वाज की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से आगामी आदेशों तक की गई है।

### प्रो. भगत सिंह राठी डायरेक्टर एस्टेट नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने फिजिकल एजुकेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी को डायरेक्टर एस्टेट नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर डायरेक्टर एस्टेट प्रो. भगत सिंह राठी की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से आगामी आदेशों तक की गई है।

### स्कूटी सवार युवक को अवैध शराब सहित धरा

**रोहतक।** पुलिस ने स्कूटी सवार युवक को अवैध शराब सहित काबू किया। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि राधे राधे पार्क के पास स्कूटी सवार युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अमित उर्फ बावा निवासी इंद्रा मार्केट के रुप में हुई। स्कूटी से 36 बोतल शराब बरामद हुई है।

### एसएफआई ने सुविधाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) इकाई ने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर छात्र सुविधाओं की मरम्मत की मांग की। एसएफआई कार्यकर्ताओं ने डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर सपना गर्ग के नाम यह ज्ञापन डॉ. प्रताप राठी को सौंपा। छात्र संगठन ने बताया कि स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर में लगा वाटर कूलर करीब दो महीने से खराब पड़ा है, लेकिन प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। केंद्र में आने वाले छात्रों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

---

**माल गोदाम रोड पर वारदात से हड़कंप ▶▶ 6-7 हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम**

# दुकान में घुसकर ट्रांसपोर्टर पर हमला 2 लोग गंभीर, सिर में लगे 30 टांके

- बीच-बचाव करने आए भाई सुरेश का सिर फोड़ा पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में भर्ती
- वारदात सीसीटीवी में कैद मामला आपी रंजिश का बताया जा रहा

**पीजीआई में उपचाराधीन घायल व्यापारी**



**सीसीटीवी में कैद वारदात**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला एक सनसनीखेज मामला शुक्रवार को सामने आया है। माल गोदाम रोड स्थित अनाज मंडी में ट्रांसपोर्टर की दुकान पर 6–7 अज्ञात हमलावरों ने धावा बोल दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से ताबड़-तोड़ वार करते हुए दुकान पर बैठे नरेंद्र को बुरी तरह पीटा। बीच-बचाव करने आए उनके भाई सुरेश को भी बेरहमी से पीटा गया, जिसके सिर पर गंभीर चोटें आईं और 30 से अधिक टांके लगाने पड़े। दोनों को गम्भीर अवस्था में पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों और घायलों के परिजनों के अनुसार, यह घटना शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई। माल गोदाम रोड स्थित न्यू इंडिया ट्रांसपोर्ट नामक दुकान में बैठे नरेंद्र पर अचानक 6-7 युवक लाठी-डंडों और लोहे की रॉड लेकर टूट पड़े। हमलावरों का इरादा जान से मारने का था। नरेंद्र पर लगातार वार किए गए। इसी बीच उनके भाई सुरेश मदद करने पहुंचे तो उन्हें भी बुरी तरह मारा गया। सुरेश का सिर फोड़ दिया गया, जिसके कारण उन्हें गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। बताया जा रहा है कि सुरेश के सिर पर 30 से अधिक टांके लगे हैं, जबकि नरेंद्र के हाथ और पैर बुरी तरह घायल हैं और उनका ऑपरेशन होना है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार घायलों की शिकायत पर सुरेंद्र मलिक, विकास और अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों की पहले से ही रंजिश चल रही थी। साथ ही बताया गया कि पहले ट्रांसपोर्टर पार्टनर शिप में काम करते थे। उसी को लेकर काफी पहले से रंजिश चल रही थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पहले भी हो चुके हैं हमले

घायलों के भतीजे अमन ने बताया कि यह हमला पुरानी रंजिश का नतीजा है। हमलावरों ने इससे पहले भी नरेंद्र और सुरेश पर दो बार हमला किया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अमन का आरोप है कि न्यू भारतीय ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक सुरेंद्र मलिक और उसके साथी विकास ने योजना बनाकर पपल गांव आसौदा में हमला करने की साजिश रची थी। इसके बाद अमित, सागर, विराट कमल व अन्य दो लोगों को साथ लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया। अमन का कहना है कि 2023 में भी नरेंद्र पर हमला किया गया था और तब से लगातार धमकियां दी जा रही थीं।

### आरोपी मौके से फरार

हमलावरों की इस गुंडागर्दी को मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे ने कैद कर लिया। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह हमलावर दुकान में घुसे, सामान तोड़ा-फोड़ा और ट्रांसपोर्टर भाइयों पर बर्बरता से हमला किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी रेलवे स्टेशन की ओर फरार हो गए। पीड़ित परिवार का कहना है कि फुटेज पुलिस को सौंप दिया गया है ताकि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### बढ़ते अपराध से सहमे व्यापारी

शहर में पिछले कुछ समय से व्यापारियों और दुकानदारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। आए दिन छिन्ना-झपटी, मारपीट और जानलेवा वारदातें सामने आ रही हैं। व्यापारिक संगठनों ने पुलिस से मांग की है कि अपराधियों पर नकेल कसी जाए और व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिया जाए। इस घटना के बाद माल गोदाम क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

### केस दर्ज, जांच शुरू

वारदात की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जांच अधिकारी एएसआई संदीप ने बताया कि घायलों की शिकायत पर सुरेंद्र मलिक, विकास और अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। अधिकारी ने कहा कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जाएगा।

### कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल

यह घटना एक बार फिर से शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। दिनदहाड़े मुख्य बाजार क्षेत्र में इस तरह का हमला पुलिस गश्त और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोलता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कड़ी कार्रवाई की गई होती तो शायद हमलावर इतने हौसले में न होते। फिलहाल घायलों का इलाज जारी है और परिजन न्याय व सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं।

### प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला

सब्जी व्यापारी से पैसे की लूट, पार्क में आढ़ती से पैसे छीनने की घटना और मालगोदाम रोड स्थित ट्रांसपोर्ट कंपनी पर हमले की घंटनओं को लेकर व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। **-हेमन्त बख्शी**, जिला अध्यक्ष हरियाणा व्यापार मंडल

---



**डीएलसी सुपवा में फिल्म कार्यशाला का चौथा दिन**

# सिनेमा सामूहिक कला है, अभिनय उसका जीवंत व भावनाओं का मुखौटा

- छात्रों ने सीखी अभिनय और ऑडियोग्राफी की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लखमीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) में सिने फाउंडेशन हरियाणा के सहयोग से चल रही पांच दिवसीय फिल्म कार्यशाला का चौथा दिन अभिनय और ऑडियोग्राफी के नाम रहा। सुबह के सत्र का संचालन अभिनेता और दिल्ली विश्वविद्यालय की संस्कृति परिषद के अध्यक्ष, डॉ. अनूप लाठर ने किया। उन्होंने कहा कि अभिनय एक कौशल है जिसे लगातार अभ्यास से निखारा जा सकता है। अभिनेता भावनाओं का मुखौटा पहनते हैं। फर्क इस बात से नहीं पड़ता कि अंदर से क्या महसूस हो रहा है, बल्कि इससे पड़ता है कि वह भावनाओं का मुखौटा कितनी कुशलता से धारण किया गया है।

### रंगमंच व सिनेमा का अंतर

डॉ. लाठर ने छात्रों को रंगमंच और फिल्म के अभिनय में अंतर समझाते हुए कहा कि रंगमंच अभिनेता का माध्यम है, जबकि फिल्म निर्देशक का। मंच पर अभिनेता का नियंत्रण रहता है, लेकिन कैमरा फिल्म में हर छोटी-सी-छोटी खामी को पकड़ लेता है। उन्होंने छात्रों को ऑन-कैमरा टूलकिट भी समझाया, जिसमें निरंतरता, तकनीकी सहजता, स्वर-नियंत्रण, भाव-भंगिमाएं, फ्रेम की समझ, पूर्वाभ्यास रणनीतियां और शारीरिक तत्परता शामिल थीं। शिव तांडव स्तोत्र के माध्यम से उन्होंने छात्रों को स्वर, लय और श्वास नियंत्रण का अभ्यास कराया।

### ध्वनि देती है दृश्य को अर्थ

कार्यशाला के दूसरे सत्र का संचालन डीएलसी सुपवा के ऑडियोग्राफी विभागाध्यक्ष, देबाशीष रॉय ने किया। उन्होंने ध्वनि और श्रव्य की महत्ता पर विस्तार से बताया। ध्वनि केवल दृश्य की पूरक नहीं होती यह भावनाओं और अर्थ को परिभाषित करती है।

### लघु फिल्में बनाई

दोपहर में प्रतिभागियों को टीमों में बांटा गया और उन्हें लघु फिल्म निर्माण का कार्य दिया गया। पेशेवर छायाकारों और संपादकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने पटकथा लेखन, लोकेशन खोज, कैमरा संचालन और शूटिंग उपकरणों के प्रयोग का अनुभव लिया। इसके बाद प्रत्येक टीम ने अपने विचारों को लघु फिल्म के रूप में कैमरे में उतारा।

---

**डीसी ने की ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा**

# ग्राम पंचायत अनुसार विकास कार्यों की सूची तैयार करें अधिकारी

- जिले में ग्रामीण क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें लगाने के लिए दो चरणों में 51 गांव चुने गए


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

**समीक्षा बैठक लेते डीसी**




उपायुक्त सचिन गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी प्रत्येक गांव में ऐसी 10 सुविधाओं की पहचान करें जो ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक है। जिला की सभी 142 ग्राम पंचायतों की विकास कार्यों की ग्राम पंचायत अनुसार सूची तैयार की जाए। ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य किया जाए। ग्राम पंचायत की पंचायती भूमि की रिपोर्ट भी तैयार की जाए। सचिन गुप्ता लघु सचिवालय स्थित सभागार में विकास एवं पंचायत, जिला परिषद के अधिकारियों के साथ ग्राम विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी गांवों में स्ट्रीट लाइटों व स्वच्छता के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करें। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद द्वारा ग्रामीण विकास के कार्य करवाए जा रहे है। सचिन गुप्ता ने कहा कि जिले में ग्रामीण क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें लगाने के लिए दो चरणों में जिले के 51 गांव चुने गए है। प्रथम चरण में चयनित किए गए 26 गांवों में से 6 गांवों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष 20 गांवों में स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य जारी है।

---




---

**पंचायत चुनाव संबंधित जानकारी लेने के लिए डीसी ने ढाई साल में भेजे 12 पत्र**

# उपायुक्त के आदेश को भी नहीं मानते एसडीएम और बीडीपीओ

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

जिला स्तर पर डीसी से बड़ा प्रशासनिक ओहदा किसी और का होता नहीं है। यानी के उपायुक्त ही सर्वेसर्वा है। सभी सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपायुक्त के आधीन होते हैं। बावजूद इसके जिला के तीनों एसडीएम और पांचों खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) डीसी के आदेशों की पिछले ढाई साल से अवेहलना कर रहे हैं। उपायुक्त कार्यालय ने वर्ष 2022 में हुए पंचायत चुनाव के संबंध में जानकारी मांग रहा है कि ये बताया जाए कि उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार में कितना पैसा खर्च किया। ये जानकारी लेने के लिए डीसी कार्यालय ने एक नहीं, पूरे 12 बार पत्र एसडीएम और बीडीपीओ कार्यालय को भेजे। लेकिन इन अधिकारियों की हिम्मत देखिए कि वे डीसी के ऑर्डर को नहीं मान रहे हैं।



बीडीपीओ कार्यालय को मिला पत्र।

### जानकारी देना होता है जरूरी

चुनाव प्रक्रिया के दौरान चुनाव खर्च का विवरण लेने के लिए प्रशासन की तरफ से अलग से व्यवस्था की जाती है। नियमित रूप से चुनाव खर्च की जानकारी उम्मीदवारों को देनी होती है। कई बार ऐसा भी होता है कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी इतने व्यस्त हो जाते हैं कि वे खर्चा रजिस्टर जमा नहीं करवा पाते। ऐसे में प्रत्याशियों को रजिस्टर जमा करवाने का समय दिया जाता है। अगर इस दौरान भी ये गफलत बरतते हैं तो फिर उनके खिलाफ पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्रवाई डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अमल में लाते हैं। ताकि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता बनी रहे।

### ताजा पत्र में ये लिखा

पंचायत विभाग को भेजे गए पत्र में डीसी ने कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज सस्थाओं के आम चुनाव-2022 व उप चुनाव-2023 के दौरान चुनाव लड़ने वाले पंच, सरपंच व पंचायत समिति के अभ्यार्थियों द्वारा अभी तक खर्च का विवरण नहीं दिया गया है। विवरण लेने के लिए लगातार पत्र भेजे जा रहे हैं। बावजूद इसके आज तक खर्च की जानकारी नहीं दी गई। पत्र में आगे कहा गया है कि खर्च लेखा जमा न करवाने की सूचना न देने पर उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, इस बारे में अभी तक कुछ अवगत नहीं करवाया गया। आपके कार्यालय को स्मरण पत्रों के माध्यम से भी कई बार सूचित किया जा चुका है। परन्तु अभी तक सम्पूर्ण सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को नहीं भेजी गई। डीसी ने कहा है कि यह बड़े खेद की बात है कि आप द्वारा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है। अतः आपको हिदायतों/पत्रों की प्रति भेजकर अनुरोध किया जाता है कि आप अपने-अपने खंड/कार्यालय से संबंधित वांछित सूचना जल्द से जल्द भिजवाएं। ताकि इन सूचनाओं को राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जा सके।

### दो जिप सदस्य घोषित की थी अयोग्य

ध्यान रहे कि चुनाव खर्च की जानकारी न देने पर डीसी ने जिला परिषद के वार्ड नंबर 7 की पार्षद सीमा और 11 की पार्षद दीपिका को गत मई में पद के अयोग्य करार दे दिया था। हरियाणा पंचायती राज अधिनियम के मुताबिक चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 30 दिन के अंदर उम्मीदवारों को चुनाव खर्चा ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत कार्यालय को देना होता है। हालांकि चुनाव प्रोसेस के दौरान भी प्रत्याशी अपने खर्चे की जानकारी दे सकता है। इसके लिए बकायदा नोडल अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त किए जाते हैं।



# सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।

## लाइफ Style



# कृति वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

मुंबई।कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।



# एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



# टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है। टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



# अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

## गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के ज़रिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।



# दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

# एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी





**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।'इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।

## जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

# वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

## खबर संक्षेप



### गरीब परिवारों को फ्री में दी जाती है कानूनी सहायता

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में लिटरेसी क्लब के तहत कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक लेक्चर करवाया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. सत्यवर्त सोलंकी ने बच्चों को सरकार के द्वारा दी गई सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा एडवोकेट जितेंद्र सैनी ने बच्चों को सिविल ज्यूडिशियरी के तहत समाज के गरीब परिवारों को जज द्वारा बनाई गई कमेटी को किसी भी आपराधिक घटना के कारण किसी सरकारी वकील की सहायता से वो उसका केस लड़ सकता है ताकि समाज में सभी गरीब परिवारों को सरकार की तरफ से कानूनी सहायता मिल सके।

### जरूरतमंदों को हेल्थ किट वितरित की

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में शुक्रवार को रोटरी क्लब के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों को हेल्थ किट वितरण की गई। कार्यक्रम में जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को बीपी मशीन, शुगर ऑक्सीमीटर मशीन वितरित किए गए। नीरजा कुलवंत कलसन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। समय-समय पर हेल्थ चेकअप करवाते रहना चाहिए। न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। जिसके लिए 15100 नंबर पर फोन करके यह प्राप्त कर सकते हैं। तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में आकर भी कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कलसन द्वारा इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में पौधरोपण का कार्यक्रम भी किया गया।

### चिन्हित गांवों में जल निकासी का कार्य 24 घंटे जारी

# कृषि भूमि से जल निकासी जल्द पूरी करें

- विभाग द्वारा 48 स्थाई पंप हाऊसों पर जल निकासी के लिए 165 पंप कार्यरत है तथा प्रतिदिन 2370 क्यूसिक जल की निकासी ड्रेनों के माध्यम से की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों से कहा कि वे कृषि भूमि से जल निकासी के कार्य को शीघ्र पूर्ण करें ताकि फसलों को नुकसान न हो। सिंचाई विभाग द्वारा जिला के चिन्हित गांवों में जल निकासी का कार्य 24 घंटे जारी है। विभाग द्वारा 48 स्थाई पंप हाऊसों पर जल निकासी के लिए 165 पंप कार्यरत है तथा प्रतिदिन 2370 क्यूसिक जल की निकासी ड्रेनों के माध्यम से की जा रही है। सचिन गुप्ता लघु सचिवालय स्थित सभागार में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा गत दिनों हुई बारिश के पानी की निकासी की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा पूरी क्षमता के साथ जल निकासी के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए तथा संबंधित अधिकारी जलभराव से प्रभावित गांवों का अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित अंतराल पर दौरा कर स्थिति की समीक्षा करें। डीसी ने जलभराव से फसलों को हुए नुकसान की भी जानकारी ली। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए किसानों को धान की फसल के अलावा अन्य वैकल्पिक फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित करें तथा ऐसी फसलों की बिक्री की संभावना भी तलाशें। उन्होंने फसल विविधीकरण, पीएम किसान सम्मान निधि व रासायनिक खाद, यूरिया की उपलब्धता तथा यूरिया खाद का कृषि के अलावा अन्य कार्यों में प्रयोग रोकने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला में यूरिया की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है तथा कृषि के अलावा यूरिया खाद का अन्य स्थानों पर प्रयोग करने वालों के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की गई है।डीसी ने कहा कि जिला की जल ग्रस्त व लवणीय भूमि के सुधार के लिए विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कार्य करें। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा ऐसी भूमि के सुधार के लिए सोलर आधारित वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम शुरू किया गया है। ऐसी भूमि में भूमिगत जल का स्तर 10 फुट से ऊपर पहुंच जाता है तथा इस जल में उपस्थित नमक की ज्यादा मात्रा से फसलों को नुकसान होता है। ऐसी भूमि की सुधार के लिए 50 एकड़ क्षेत्र के लिए एक ट्यूबवेल लगाकर भूमिगत जल स्तर को कम किया जाता है ताकि नमक नीचे चला जाए और फसलों को नुकसान न हो। विभाग द्वारा इसके लिए सर्वेक्षण किया जाता है तथा मिट्टी व पानी के नमूने लेकर जांच की जाती है। गेहूं की फसल की कटाई के उपरांत चिन्हित स्थानों पर सोलर आधारित वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम स्थापित किया जाता है। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह, विभाग की मंडल भूमिगत जल संरक्षण अधिकारी नीना सहवाग, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण मुंजाल, राजेश भारद्वाज सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

#### किसानों को मिली 20वीं किस्त

उपायुक्त ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के जिला के 74 हजार 891 किसानों को 20 वीं किस्त के रूप में 14 करोड़ 98 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित हुई है। जिला में खरीफ 2024-25 के दौरान 3 लाख 25 हजार 659 मिट्टी के सैंपल लिए गए तथा 2 लाख 79 हजार 867 सॉयल हेल्थ कार्ड वितरित किए जा चुके है। उन्होंने कहा कि आगामी रबी सीजन के दृष्टिगत रासायनिक खादों की उपलब्धता के लिए भी प्रबंध किए जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसान उत्पादक संगठनों का गठन करने के लिए प्रोत्साहित करें।



## पठानिया स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस एवं थीम टॉक प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं जूनियर व सीनियर केजी के विद्यार्थियों के लिए थीम टॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में अलग-अलग पात्रों का रूप धारण कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने मंच पर आत्मविश्वास के साथ संवाद बोलकर सभी का मन मोह लिया।

प्रतियोगिताओं के विषय सेव ट्रीज, सेव नेचर, सेव अर्थ, सेव इलेक्ट्रिसिटी, सेव वाटर आदि थे, जिन्हें बच्चों ने आकर्षक प्रॉप्स का उपयोग कर बड़े सुंदर और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल की भूमिका विद्योतमा, रीटा जैन, राषिन, डॉली सतीजा ने निभाई। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रिंसिपल तन्वी पठानिया, वाइस प्रिंसिपल प्रीति ढांडा, सुनीता मोर तथा मुख्य अध्यापिका सुमन राठी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास व रचनात्मकता बढ़ाने में सहायक होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठयक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की स्टेटस रिपोर्ट सोमवार को प्रस्तुत करें अधिकारी : डीसी

- शहर को दशहरा पर्व तक सुंदर व मॉडल बनाने की दिशा में करें कार्य
- अधिकारी शिविरों में प्राप्त शिकायतों का करें विश्लेषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





**रोहतक।** समाधान शिविर की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सोमवार को लंबित शिकायतों की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

अधिकारी आगामी दशहरा पर्व तक शहर को सुंदर व मॉडल बनाने की दिशा में कार्य करें। सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों से संबंधित विभाग स्टेटस रिपोर्ट तैयार करें ताकि इन शिकायतों का उचित निपटारा किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का सही निपटारा किया जाए तथा इनकी सूची भी तैयार की जाए ताकि बार-बार यह शिकायतें दर्ज न हो। अधिकारी शिकायतों के निपटारे के लिए विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी संलग्न करें।

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक दिलीप सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी, भाजपा के प्रतिनिधियों में उदयभान मलिक व एडवोकेट अंकुश बिठ्ठू आदि उपस्थित रहे।*

## राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक में ट्रेस टू ट्रेजर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय में एनवायरनमेंट अवेयरनेस लॉन्ग डे बाजार कार्यक्रम के अंतर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग एवं नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में ट्रेस टू ट्रेजर विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। वनस्पति विज्ञान विभाग के संकाय सदस्यों ने इस कार्यशाला को छात्राओं के लिए एक रचनात्मक चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया। उन्हें घर में बेकार पड़ी प्लास्टिक की बोतलों, कांच के जार और डिब्बों से प्लांटर्स, पेन स्टैंड और सजावट की वस्तुएं बनाना सिखाया गया। प्रशिक्षिका सोनिया ने छात्राओं को बताया कि रीयूज और रिसाइकल से न केवल कचरे को कम किया जा सकता है बल्कि एक रचनात्मक और पर्यावरण हितैषी जीवनशैली भी अपनाई जा सकती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शमशेर सिंह हुड्डा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक वेस्ट आज एक गंभीर समस्या बन चुका है। यदि हम घरों में ही कचरे का पुन उपयोग और पुन चक्रण करें तो पर्यावरण को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।



**रोहतक।** ट्रेस टू ट्रेजर विषय पर आयोजित कार्यशाला में छात्राओं के साथ प्राचार्य प्रो. शमशेर सिंह हुड्डा।

## बीसी प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय हुई मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





**रोहतक।** मीटिंग को सम्बोधित करते बीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी।

जननायक जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बीसी प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में बीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी एवं प्रदेश प्रभारी धर्मपाल मुख्यातिथि उपस्थित हुए। जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ. संदीप हुड्डा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला रोहतक हल्का प्रधान प्रवीण लांबा, प्रवेश कंसाला, कृष्ण घणघस ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। पार्टी संगठन और बीसी प्रकोष्ठ रोहतक जिले में किस प्रकार मजबूती प्रदान की जाए। इस बारे पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगे ताकि पार्टी संगठन और मजबूत बने। जिससे रोहतक जिले में जेजेपी और मजबूत पार्टी बनकर उभरे। बीसी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा जेजेपी ने सरकार में रहते हुए अपने चुनावी घोषणा पत्र में जितनी घोषणा की थी, उन सब पर काम करने का काम किया। फिर चाहे वह हरियाणा के युवाओं के लिए 75% आरक्षण का कानून बनाना हो, महिलाओं के लिए पंचायतों में 50% आरक्षण, बीसीए को 8% आरक्षण, किसानों को 48 घंटे में फसल के दाम सीधा किसानों के खाते मे पहुंचाने काम किया, प्रदेशभर में ई-लाइब्रेरी और सामुदायिक केंद्रों का निर्माण करवाया। प्रदेश प्रभारी धर्मपाल ने कहा बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर ने 1978 में पिछड़े वर्गों के लिए 26% आरक्षण लागू किया था, जो राज्य में सामाजिक न्याय के लिए सकारात्मक कार्रवाई का एक अग्रणी कदम था।



**महम।** डॉ.आशीष बेनिवाल का मुंह मीठा करवाते एचडी स्कूल के निदेशक व अन्य।

## खेड़ी महम गांव के डॉ. आशीष बेनिवाल ने ऑल इंडिया नीट पीजी परीक्षा में हासिल किया 633वां रैंक

**महम।** हाल ही में घोषित किए गए ऑल इंडिया नीट पीजी परीक्षा परिणाम में खेड़ी महम गांव के डॉ.आशीष बेनिवाल ने 633वां रैंक हासिल किया है। एचडी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में पहुंचने पर आशीष का मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। वह इस विद्यालय का पूर्व छात्र है। स्कूल निदेशक कुलवंत नेहरा, विद्यालय सचिव संजीव छिल्लर और स्टाफ सदस्यों ने आशिष का जोरदार स्वागत किया। कुलवंत नेहरा ने बताया कि आशिष ने नर्सरी से 12वीं तक इसी स्कूल में पढ़ाई की है और 12वीं कक्षा में महम ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। स्वागत समारोह के बाद आशीष ने 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने के टिप्स दिए। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और लग्न से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।



## एसआरएस पब्लिक स्कूल में हुई जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताए

**रोहतक।** एसआरएस पब्लिक स्कूल आईएमटी में अगस्त माह में खेलों का केंद्र बनने जा रहा है। विद्यालय परिसर में विभिन्न जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले भर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह जानकारी प्राचार्य ने दी। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य खिलाड़ियों में खेल आवना शारीरिक फिटनेस और प्रतिभा को निखारना है। विद्यालय परिसर में जिले के श्रेष्ठ वा खिलाड़ी पूरी उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिताएं छात्रों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय कर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेगी।

**सूचना**

मैं, मांगे राम पुत्र श्री सत्यनारायण निवासी गांव सुनारी कलां, जिला रोहतक, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नवीन मेरे कहे सुने से बाहर था जिसको मैंने 21 मई 2023 को बेदखल कर दिया था। अब मेरा पुत्र नवीन मेरे व मेरे परिवार के कहे सुने के अंदर है तथा वह अपने परिवार की पूरी जिम्मेवारी उठाता है व किसी भी प्रकार का की कोई शिकायत का मौका नहीं देता है। अब मेरे पुत्र नवीन का व्यवहार बिल्कुल ठीक-ठाक है और अब मैं अपनी मर्जी से पूरे होश में अपने पुत्र नवीन की बेदखली सूचना वापिस ले रहा हूं।

**ग्राम पंचायत, भगवतीपुर ब्लॉक-रोहतक**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भगवतीपुर में बंदरों को पकड़ा जाना है। इसके लिए जो भी इच्छुक टीम हो, वह 23.08.2025 से 29.08.2025 तक अपनी कोटेशन सरपंच, ग्राम पंचायत भगवतीपुर के सामने प्रस्तुत करें।

हस्ता/- श्री यशवीर ढुल, सरपंच
ग्राम पंचायत भगवतीपुर (रोहतक)
मोबाइल-8708093375



**रोहतक।** रानीला में दिगम्बर जैन मंदिर में विरजमान आर्षमति माता से आर्शीवाद लेते समाज सेवी राजीव जैन।

## गुरु रविदास छात्रावास आर्य नगर में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरु रविदास छात्रावास आर्य नगर में पूर्व पार्षद सूरजमल किलोई की अध्यक्षता में पौधरोपण किया। इस मौके पर गुरु रविदास छात्रावास के प्रधान जगबीर सिंह अहलावत, उप प्रधान संजय कुमार निम्बड़िया, छात्रावास के सुप्रीडेंट अशोक कुमार, एडवोकेट देवेंद्र सरोहा, बबलू मेहरा, शौर्य, आशीष, प्रवीण, राहुल ने संकल्प लिया कि हर वर्ष बरसात के मौसम में पेड़ पौधे जरुर लगाएंगे।



## कलानौर ब्लॉक सर्व कर्मचारी संघ का त्रिवार्षिक सम्मेलन संपन्न

- नई कार्यकारिणी का गठन, सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला रोहतक के कलानौर ब्लॉक का त्रिवार्षिक सम्मेलन शुक्रवार को जलघर कलानौर में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान राजेश खासा ने की तथा संचालन जिला सचिव मनजीत पांचाल ने किया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में राज्य कमेटी सदस्य प्रेम घिलोडिया, जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच, कोषाध्यक्ष जोगेंद्र दलाल और वरिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार मौजूद रहे।

मनजीत पांचाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने लंबे समय से कर्मचारियों की किसी भी मांग को पूरा नहीं किया है। सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू कर रही है, जिसके कारण कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों को निजी हाथों में सौंपना कर्मचारियों के भविष्य पर खतरा है। सम्मेलन के दौरान कलानौर ब्लॉक की नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें प्रधान पद पर दिलबाग कटेसरा, सचिव श्रवण, कोषाध्यक्ष राजेश खासा, उप प्रधान तनुज बागड़ी और सह सचिव चतर सिंह बागड़ी को सर्वसम्मति से चुना गया। कर्मचारियों ने अपनी मुख्य मांगों को दोहराया जिनमें पुरानी पेंशन बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करना, एक्सग्रेसिया की सभी शर्तें हटाना, निजीकरण पर रोक, ठेका प्रथा का अंत और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। सम्मेलन में तय किया गया कि इन मांगों को लेकर अब कर्मचारी सीधे सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करेंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राकेश लकड़ा, प्रदीप कुमार, विकास नहरा, जोगिंदर डांगी, भीम समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930
HARTRON SKILL CENTRE
हारट्रोन डिप्लोमा सभी सरकारी विभाग व निजी कम्पनियों में मान्य
NCVET Recognised
ADMISSION OPEN
Computer Courses as per Current IT Market
CCTV, Biometric attendance System
Air Conditioner Labs & Theory Rooms
HARTRON COURSES ARE ALIGNED WITH NSQF
PGDCA Level : 5 Postgraduate Diploma In Comp. Application
DCA Level : 4 Diploma In Computer Application
DCAA Level : 4 Diploma In Computer Aided Accounting
हारट्रोन से कंप्यूटर कोर्स करने के बाद SETC (Part-1) से छुट प्राप्त हैं
Website : www.hartron-rohtak.com

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS | GNM 3 YEARS | JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT | HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT | Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

## खबर संक्षेप



महम। एसडीएम मुकुंद से मिलने पहुंचे महम नपा के मनोनित पार्षद।

### मनोनीत पार्षदों का स्वागत एसडीएम मुकुंद ने दी बधाई

**महम।** शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा महम शहर से दो पार्षद मनोनीत किए गए हैं। इनमें महम के वार्ड एक के उर्दू मोहल्ला निवासी ऋषिराज भारद्वाज और वार्ड सात निवासी मीना वाल्मीकि पत्नी राजेंद्र को पार्षद मनोनीत किया है। शुक्रवार को नपा महम के कार्यालय में नपा सचिव नवीन नांदल, प्रधान भारती पंवार और उपप्रधान बसंत लाल गिरधर समेत कई पार्षदों व अधिकारियों ने मनोनित पार्षद मीना वाल्मीकि और ऋषिराज भारद्वाज का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। मनोनीत पार्षद एसडीएम मुकुंद से मिलने उनके कार्यालय में पहुंचे। एसडीएम ने नए पार्षदों को शुभकामनाएं दी।

### सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें

**रोहतक।** शिक्षिका मनीषा के मामले में सरकार को छात्राओं, शिक्षिकाओं की सुरक्षा उपलब्ध कराए क्योंकि हमारी प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले ने इनको शिक्षित करने व तरक्की का रास्ता दिखाया, लेकिन वर्तमान में महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। मनीषा के परिवारजनों को सरकार कम से कम 2 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराए अन्यथा महिलाओं, छात्राओं की कोई कद्र नहीं होगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को होगा

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि न्यायिक परिसर में 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। खान ने नागरिकों का आह्वान किया कि वे विभिन्न न्यायालयों में अपने लंबित मामलों को इस राष्ट्रीय लोक अदालत में रखकर इन मामलों का स्थाई समाधान करवाएं।



# नगर निगम क्षेत्र में 80 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण

- महापौर रामअवतार वाल्मिकी ने आमजन को समर्पित की नई सौगातें
- महर्षि वाल्मिकी चौक के सौंदर्यकरण कार्य का भी उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





नगर निगम द्वारा शहर को और अधिक आकर्षक व सुविधाजनक बनाने की दिशा में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मिकी ने रविवार को विभिन्न कार्यों का उद्घाटन करते हुए उन्हें आमजन को समर्पित किया। इन कार्यों पर लगभग 80 लाख रुपये की लागत आई है।

महापौर ने ताऊ देवी लाल पार्क में स्थापित सैन्य टैंक का लोकार्पण किया, वहीं डी-पार्क में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण कर पार्क के सौंदर्यकरण कार्यों का शुभारंभ किया। इसके अलावा चिन्योट कॉलोनी के अंडरपास सड़क व बरसाती जल निकासी के कार्य, मानसरोवर पार्क में बनाए गए कच्चे ट्रैक व सौंदर्यकरण तथा अंबेडकर चौक पर संविधान की उद्देशिका व सौंदर्यकरण का लोकार्पण किया गया। महर्षि वाल्मिकी चौक के सौंदर्यकरण कार्य का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया व नवीन कुमार धनखड़, सहायक अभियंता शांत सुहाग, कनिष्ठ अभियंता बलजीत, संदीप राठी, कमल व विकास सहित कई निगम अधिकारी और वार्ड सदस्य सुशील नांदल, अंजु सैनी, कंचन खुराना, अनीता मिगलानी तथा ज्योति मौजूद रहे। मौके पर उपस्थित स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए नगर निगम और महापौर का धन्यवाद किया।

### शहर की छवि और निखरेगी

महापौर रामअवतार वाल्मिकी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों की गति निरंतर बनी रहेगी। शहर के विभिन्न हिस्सों में सौंदर्यकरण और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई योजनाओं पर कार्य चल रहा है। रोहतक एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व वाला शहर है, जहां प्रतिदिन हजारों लोग आते हैं। इसलिए शहर का सौंदर्यकरण केवल स्थानीय नागरिकों के लिए ही नहीं, बल्कि आगंतुकों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। इन कार्यों से शहर की छवि और निखरेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी इसी प्रकार की परियोजनाएं चलाई जाएंगी ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों और रोहतक एक साफ-सुथरा, सुंदर और आकर्षक शहर बनकर उभरे।

# अब गोबर के दीये बनाएगी निगम की गोशाला, आयुक्त ने किया शुभारंभ

## इनर व्हील क्लब ने नगर निगम को गोबर से दीये बनाने वाली मशीन भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





नगर निगम की पहरावर स्थित गोशाला को मॉडल गोशाला के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य तेज़ी से चल रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को गोशाला का निरीक्षण किया और वहां गोबर से दीये बनाने वाली मशीन का शुभारंभ किया।

इस पहल के साथ न केवल गोशाला में उत्पन्न गोबर का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण संभव होगा बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त डॉ. शर्मा ने बताया कि नगर निगम गोशाला में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में गोबर उत्पन्न होता है। इसके निस्तारण को लेकर पहले ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि इसे व्यर्थ छोड़ने के बजाय उपयोगी उत्पाद बनाने में लगाया जाए। इसी योजना के अंतर्गत अब गोबर से दीये तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह कार्य स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराया जाएगा ताकि स्थानीय महिलाओं और समूहों को भी रोजगार का अवसर मिल सके। इस पहल में इनर व्हील क्लब रोहतक सिटी ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। क्लब ने नगर निगम को गोबर से दीये बनाने वाली मशीन भेंट की है। इससे गोशाला को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों को गति मिलेगी और गोबर से बने दीयों का उपयोग धार्मिक एवं सांस्कृतिक अवसरों पर व्यापक स्तर पर किया जा सकेगा।

डॉ. शर्मा ने कहा कि नगर निगम की गोशाला को प्रदेश में एक आदर्श और मॉडल गोशाला के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां न केवल पशुओं के लिए बेहतर सुविधा होगी बल्कि गोबर और अपशिष्ट प्रबंधन का आधुनिक और पर्यावरण हितैषी मॉडल भी स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएं 'स्वच्छ भारत मिशन' और 'ग्रीन एनर्जी' की दिशा में एक सार्थक कदम साबित होंगी।

निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, सहायक अभियंता सत्य व्रत, सहायक सफाई निरीक्षक सुमित फौगाट, संदीप राठी, सलाहकार अरविंद भाटिया सहित इनर व्हील क्लब रोहतक सिटी की पदाधिकारी भी उपस्थित रहीं। सभी ने इस पहल की सराहना की और कहा कि गोबर आधारित उत्पाद न केवल पर्यावरण अनुकूल हैं बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### वर्मी कम्पोस्टिंग और ब्लॉक निर्माण लाभकारी

नगर निगम की इस गोशाला में लगभग 2500 पशु हैं, जिनसे प्रतिवर्ष करीब 12,000 किलोग्राम गोबर प्रतिदिन होता है। अब इस गोबर का सही उपयोग करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। गोशाला में पहले से ही वर्मी कम्पोस्टिंग का कार्य शुरू किया जा चुका है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद तैयार होगी। यह खाद किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करेगी।

### पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा

इसके अलावा गोशाला में गोबर से ब्लॉक अर्थात लकड़ी जैसे उत्पाद बनाने के लिए विशेष मशीन भी लगाई गई है। इन ब्लॉक्स का प्रयोग रसोई और ईंधन के तौर पर किया जा सकेगा। इससे लकड़ी की खपत घटेगी और पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक अतिरिक्त मशीन और लगाई जाए ताकि उत्पादन क्षमता और बढ़ सके।



### सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, चारू मग्गू ने 82 फीसदी अंक लिए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीएड द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्रा चारू मग्गू ने सबसे ज्यादा 82 प्रतिशत अंक हासिल कर कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 79 प्रतिशत अंक लेकर ईशा गोयल ने दूसरा स्थान हासिल किया तो नितिका ने 78 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रधान धर्म सिंह दहिया व महासचिव डॉ. राजेश सैनी ने छात्राओं को अच्छा परिणाम लाने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज स्टाफ ने सभी छात्राओं को मिठाई खिलाई। इस अवसर पर मैनेजर श्याम कटारिया, नरेंद्र सैनी, प्रवीण सैनी, सहायक प्रोफेसर डॉ. शोभा सैनी, डॉ. रेखा रानी, डॉ. मीनू , डॉ. सुमन, सोनिया सिंह, सोनिया, छात्रा आशु, दिव्या, निधि, नेहा, ज्योति, सिमरन, चंदा, अर्चना,मोनिका, प्रिया, निकिता, पूजा, तान्या व पारूल सैनी उपस्थिति रहीं।

### तनिष्क में शुरू हुआ फेस्टिवल ऑफ डायमंड अब अंतिम चरण में, ऑफर सीमित समय के लिए



**रोहतक।** ज्वेलरी की दुनिया का विश्वसनीय नाम तनिष्क "फेस्टिवल ऑफ डायमण्ड" लेकर आया है। इस खास अवसर पर ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी पर शानदार ऑफर्स और विशेष छूट दी जा रही है। शादी-ब्याह की तैयारियों से लेकर गिफ्टिंग और सेल्फ-शॉपिंग तक, हर जरूरत के लिए यह फेस्टिवल ग्राहकों को बेहतरीन विकल्प प्रदान करता है। रोहतक स्टोर मैनेजर ने बताया कि इस फेस्टिवल में चुनिंदा डायमंड ज्वेलरी पर आकर्षक स्कीम और डिस्काउंट का लाभ उठाया जा सकता है। ऑफर सीमित समय के लिए है, ऑफर की अंतिम तिथि नजदीक है, इसलिए मौका हाथ से जाने से पहले ग्राहक जल्द से जल्द नजदीकी तनिष्क शोरूम पर विजिट करके इस सुनहरे मौके का फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गहनों के शौकीनों और शादी-ब्याह की तैयारियों में जुटे लोगों के लिए यह ऑफर बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। इस ऑफर में डायमंड ज्वेलरी पर विशेष डिस्काउंट और कई तरह के आकर्षक लाभ भी दिए जा रहे हैं।

### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, सारागढ़ी हाउस की टीम बनी विजेता

**रोहतक।** झज्जर रोड स्थित द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों के बीच अंतः गृह फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व खेल शिक्षक जयवीर ने किया। सभी हाउस के खिलाड़ी छात्रों ने आत्मविश्वास व चुस्ती से भाग लिया। सारागढ़ी हाउस की टीम विजयी रही। खिलाड़ियों का जोश और समर्पण देख कर दर्शकों ने खूब आनंद लिया। विद्यालय में इस प्रकार के अवसर विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रदान किए जाते हैं। सभी प्रतिभागियों ने उत्तम कोटि के खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने आत्मविश्वास का परिचय दिया। प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने सभी प्रतिभागियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते हुए आशीर्वाद दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### 25 हजार रुपये की ठगी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, आरोपी शरनदीप पंजाब का निवासी



**रोहतक।** पुलिस ने 25 हजार रुपये की ठगी की वारदात में शामिल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। बहु अकबरपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 28 फरवरी को गद्दी खेडी निवासी प्रेम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 25 फरवरी को प्रेम के पास कॉल आया। युवक ने प्रेम को नाम से बोलकर हालचाल पूछने लगा। प्रेम को युवक की आवाज अपने दोस्त जैसी लगी। युवक ने प्रेम को कहा कि वह उसके खाते मे 25 हजार रुपये भेज रहा है। उसने कहा कि उसके दोस्त अस्पताल में है उसको 25 हजार रुपये की जरुरत है। प्रेम ने उनके कहे अनुसार अलग-2 ट्रांजेक्शन करके कुल 25 हजार रुपये डाल दिये। प्रेम ने अपना खाता चैक किया तो युवक द्वारा डाले गये 25 हजार रुपये नहीं आये। युवक ने दोबार फोन कर कहा कि उसने गलती से 25 हजार रुपये और भेज दिये इन्हे वापिस भेज दे। प्रेम के बेटे को शक हुआ की उसके साथ धोखाधडी हुई है। जांच के दौरान 21 अगस्त को आरोपी शरनदीप निवासी अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में आरोपी भुपेंद्र को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी शरनदीप ने 4 हजार रुपये में भुपेंद्र का खाता खरीद लिया। आरोपी शरनदीप ने भुपेंद्र के खाता में अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर करवा लिया। शरनदीप भुपेंद्र के खाते को फ्रॉड की राशि के लिये प्रयोग करना लगा। भुपेंद्र शरनदीप के पडोसी गांव का रहने वाला है।



महम। सैमान गांव में पानी निकासी प्रबंधों का जायजा लेते डीसी सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### उपायुक्त ने महम के गांवों का दौरा कर जल निकासी का लिया जायजा

**महम।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शुक्रवार सांय महम उपमंडल के गांव भैनी सुरजन, सैमान व बहलबा गांव का दौरा करके बरसाती पानी निकासी कार्य का औचक निरीक्षण किया और मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए । उन्होंने गांव सैमान में आवश्यकता अनुसार वर्टिकल पंप लगाने के भी निर्देश दिए । उन्होंने गांव के जल घर की सफाई करके पेयजल आपूर्ति करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान महम के एसडीएम मुकुंद तंवर, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, खंड विकास एवं पंचायती अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## मदवि में माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने रैगिंग को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा आज रैगिंग जैसी अमानवीय और घातक प्रवृत्ति के विरुद्ध एक सशक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों से अवगत कराना और परिसर को पूर्णतः रैगिंग-मुक्त बनाना था। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा सुनेजा ने किया। उन्होंने नए सत्र में प्रथम वर्ष के छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए रैगिंग को एक सामाजिक अपराध करार दिया और कहा कि "रैगिंग एक गंभीर अपराध है जो विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालता है। इसे किसी भी रूप में सहन नहीं किया जा सकता।

इस अवसर पर यूजीसी की वेबसाइट से ली गई रैगिंग-विरोधी डॉक्यूमेंट्री और लघु फिल्में छात्रों और शिक्षकों को दिखाईं गईं, जिनमें रैगिंग के गंभीर परिणामों और इससे निपटने के उपायों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विभाग के सभी विद्यार्थियों ने एकजुट होकर रैगिंग के खिलाफ शपथ ली कि वे न स्वयं रैगिंग करेंगे, न ही किसी को करने देंगे, और जरूरत पड़ने पर इसकी रिपोर्ट करेंगे। सभी शिक्षकों ने एकमत होकर छात्रों को सुरक्षित, सहयोगपूर्ण और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई।

### बीएड द्वितीय वर्ष का परिणाम रहा शानदार

# विद्यार्थियों को लड्डू खिलाकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में बीएड द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित होने के तत्वावधान में मेधावी विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ. महाश्वेता एवं अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा लड्डू खिलाकर प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने बताया कि महाविद्यालय के कुछ विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक अर्जित कर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अग्रणी विद्यार्थियों में अपना नाम दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में पूरे वर्ष बीएड पाठ्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों का आयोजन निरंतर अंतराल पर किया जाता है।



रोहतक। मेधावी विद्यार्थियों को लड्डू खिलाकर प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. महाश्वेता व अन्य प्रोफेसर।

इसका प्रभाव विद्यार्थियों के कौशलों, व्यक्तित्व एवं अंकों पर पड़ता है। महाविद्यालय प्रशासन का यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थी बीएड की डिग्री के साथ साथ, एक अध्यापक के सम्पूर्ण गुण एवं कौशल विकसित करके ही सामाजिक पृष्ठभूमि पर सेवा के लिए निकले।

**इन्हें मिली मेरिट:** मेरिट में आए मेधावी छात्र मल्लिका शर्मा, सुकीर्ति, नितेश, प्रगति, कुसुम, हिमांशी, काजल, कीर्ति, आरती, प्रिया, महक रहे। इस अवसर पर डॉ. गीता रानी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सविता शर्मा, डॉ. मोना मल्होत्रा, डॉ. सोन किरण, डॉ. रानी, पूनम आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में 62 युवाओं ने रक्तदान किया



**रोहतक।** आज देश भक्ति स्मारक स्थल अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भवः मिशन ने रक्त दान आयोजित किया गया संस्थापक संत बावा सूखा शाह ने बताया कि आज का रक्त दान शिविर पुजे गुरुदेव महंत बाबा प्रेम दास महाराज जी के पावन आशीर्वाद से आयोजित किया गया।आज रक्त दान शिविर मे मुख्य अतिथि बच्चन अरोड़ा प्रसिद्ध समाजसेवी रहे. संत बाबा सुखा शाह महाराज ने सभी रक्त दाताओ को बेच लगाकर एवं प्रश्नन्ता पत्र एवं सम्मानित किया एवं ज्यादा से ज्यादा युवाओ को रक्त दान करने के लिए प्रेरित कियाचिराग रक्त दाता ने आज 20वी एवं करण नरूला ने 5 बार रक्त दान किया। 62 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया इस दौरान सुभाष गोगिया प्रसिद्ध समाजसेवी समाजसेवी, श्वेता समाज सेविका यशअरोड़ा, सरदार मनप्रीत सिंह, आदि मौजूद रहे.।

### छात्रों ने विश्वविद्यालय में किया विरोध प्रदर्शन



**रोहतक।** भगतसिंह छात्र संगठन के छात्रों ने विवि. में ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता छात्रा नेता प्रदीप मोटा ने की। उन्होंने बताया कि अगर फ़ीस तुरंत कम नहीं की गई तो यूनिवर्सिटी का गेट बंद किया जाएगा। इस प्रदर्शन में छात्र नेता कपिल फौजी, छात्र नेता निशांत, अनी डांगी, आदित्य नैन,निशांत पवार, गौरव, ईशांत, अंकित साहू , जतिन